आंकड़े स्मार्ट सिटी के जीआईएस सर्वे में सामने आई बात, ड्रोन सर्वे से शहर की संपत्तियों का लगाया गया था पता

90 हजार संपत्तियों के नहीं मिले पिन नंबर

नवभारत,जबलपुर। शहर की संपत्तियों के बारे में पता लगाकर नगर निगम के राजस्व में बढ़ोत्तरी करने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा पूरे किए गए ड्रोन सर्वे में जो आंकड़े सामने निकलकर आए हैं उसने सभी को हैरान किया है। नगर निगम जबलपुर में करीब 3 लाख 22 हजार संपत्तियां दर्ज थीं जिसके बाद स्मार्ट सिटी के जरिए ड्रोन के सर्वे द्वारा जब इन संपत्तियों का पता लगाया गया तो इन संपत्तियों में से करीब 90 हजार संपत्तियां ऐसीं थी जिनके घर वाले न तो संपत्ति का पिन नंबर दे पाए और न ही टैक्स नंबर।

स्मार्ट सिटी के जीआईएस विभाग एक्सपर्ट की माने तो शहर

की इन सभी 90 हजार संपत्तियों के पिन नंबर मिलने के बाद संपत्तियों का डाटा ई नगर पालिका से लिंक हो जाएगा तो करीब 30 हजार नई संपत्तियां शहर में वर्तमान में सामने आ जाएंगी जिससे नगर निगम को राजस्व के जरिए फायदा होगा। ये काम जमीनी तौर पर अमले द्वारा किया जा रहा है। अब देखना होगा कि आने वाले कितने समय में इन 90 हजार संपत्तियों के डाटा को ई-नगर पालिका से लिंक किया जाता है। जिसके बाद ही नगर निगम की आय और बढ़ने की संभावना बनेगी।

2022 से 2025 तक चला था ड्रोन सर्वे का काम

स्मार्ट सिटी के जीआईएस एक्सपर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में शहर की संपत्तियों के बारे में पता लगाने और इन संपत्तियों को ई नगर पालिका से लिंक करने के लिए नगर निगम ने स्मार्ट सिटी की मदद से जीआईएस सर्वे ड्रोन से कराने का काम शुरू किया था जो कि विगत फरवरी-मार्च 2025 तक चला था। नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए जीआईएस यानि भौगौलिक सूचना प्रणाली के तहत सर्वे कराकर शहर की संपत्तियों को ई नगर पालिका में दर्ज करना बेहद जरूरी है जिसके लिए नगर निगम द्वारा जमीनी स्तर पर प्रयास जारी हैं।

हैदराबाद की कंपनी के साथ 3 अन्य एजेंसियां थीं शामिल

ड्रोन से शहर की संपत्तियों का सर्वे कराने का स्मार्ट सिटी जबलपुर ने सबसे पहले काम हैदराबाद की आईएसआई सॉफ्टैक कंपनी को दिया था, कुछ महीने तक तो काम ठीक ढंग से चला लेकिन उसके बाद कंपनी द्वारा लापरवाही बरती जाने लगी। नतीजा ये हुआ कि इस कंपनी से काम छीनकर 3 अन्य अलग-अलग एजेंसियों को ड्रोन से सर्वे कराने का काम सौंपा गया और फिर ये काम पूरा किया गया ।

इनका कहना है

शहर में करीब 3 लाख 22 हजार की संपत्तियां अभी वर्तमान में मौजूद हैं। वर्ष 2022 से ड्रोन कैमरे के संपत्तियों का पता लगाने सर्वे का काम शुरू किया गया था जो अब पूरा हो गया है। सर्वे में सामने आया है कि शहर की करीब 90 हजार संपत्तियों के पिन नंबर नहीं मिले हैं जिनको ई नगर पालिका से लिंक करने का काम जारी है। ये काम पूरा होने के बाद नई करीब 30 हजार संपत्तियां नगर निगम को मिल जाएंगीं।

बालेंद्र शुक्ला
जीआईएस एक्सपर्ट, स्मार्ट सिटी जबलपुर

दफ्तरों के गलियारे

कार्यवाही करें तो कैसे करें, नेताओं के आ जाते फोन



जबलपुर में यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कार्यवाही और अभियान दोनों ही समय-समय पर चल रहे हैं। शहर में ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की धमाचौकड़ी कम करने जब कार्यवाही होती है और उनको जप्त किया जाता है, तो उन्हें छुड़ाने के लिए शहर के नेता वर्चस्व दिखाने लगते हैं। यातायात पुलिस में अक्सर यह चर्चा सुनने मिलती है कि जब भी उनके द्वारा शहर में नियम तोड़ने वाले ई- रिक्शा चालकों पर कार्यवाही करते हैं और उन्हें अगर जप्त किया जाता है तो उनको छोड़ने के लिए नेताओं के फोन खनखनाने लगते हैं, जिसमें वह असमंजस की स्थिति में रहते हैं कि कार्यवाही करें तो करें कैसे.. ? नेताओं के फोन पहले आ जाते हैं।

आईटी एक्सपर्ट अपर आयुक्त के बाद भी नहीं हो सका समाधान

करीब डेढ़ साल का समय पूरा हो चुका है लेकिन लाल बिल्डिंग की रीढ़ का हड्डी माने जाने वाले राजस्व विभाग की एक सबसे बड़ी समस्या पिछले डेढ साल से लेकर अभी तक जस की तस है। क्योंकि सिटिजन पोर्टल व ऑनलाइन टैक्स जमा करने व्यवस्था बुरी तरह चरमराई है। क्यू आर, क्रेडिट कार्ड से टैक्स की राशि का भुगतान न कर पाने से ऐसे सभी करदाता निगम प्रशासन को कोसते नजर आ रहे हैं जो जोन व मुख्यालय के चक्कर टैक्स की राशि जमा करने के लिए काट रहे हैं। आईटी एक्सपर्ट खुद अपर आयुक्त साहब हैं बावजूद इसके इस समस्या का समाधान नहीं ढूंढ सके हैं।

कैलेंडर है क्या ?

सूबे की सबसे बड़ी अदालत में इन दिनों नए वर्ष के कैलेंडर की पूछ परख चल रही है। वकीलों के बीच नए साल के कैलेंडर को लेकर रोज़ पूछा जा रहा है। लेकिन अभी तक उपलब्धता नहीं होने के कारण रोज़ वकील मायूस होकर लौट रहे हैं। वही कुछ अफसरों द्वारा कुछ दिनों की और मोहलत माँगी जा रही है।

थाना मिला तो जागी मलाई की भूख ..

संवेदनशील थाने के थ्री स्टार वाले साहब अवकाश पर गए। छुट्टी पर जाने के पहले टू स्टार वाले साहब को थाने का इंचार्ज बना गए। थाने की कमान मिलने की मन्नत पूरी हुई तो चार्ज लेने वाले साहब के मन में मलाई खाने की भूख जाग उठी। फिर क्या था टू स्टार की मनमानी शुरू हुई जो इस हद तक बढ़ गई कि जो प्रभार सौंपकर गए थे उन्हें तक तवज्जों नहीं दी गई। महारत दिखाने के साथ धन वर्षा हुई। टोटल प्रभारी की कुर्सी को अवसर में तब्दील कर दिया गया। छुट्टी पर गए साहब ने जब फोन घनघनाया तो उनका कॉल रिसीव करना भी जरूरी नहीं समझा। छुट्टी से लौटें थ्री स्टार वाले ने टू स्टार वाले की जमकर क्लास ली। मामले की सुनवाई अब बड़े साहब कर रहे हैं।

अमन पटेल, विवेक दुबे, धनंजय श्रीवास्तव, अजहर खान

ई-टोकन से बुक खाद के स्थान पर दे रहे थे दूसरी खाद

चौधरी फर्टिलाइजर्स का लाइसेंस निलंबित

नवभारत,जबलपुर। किसानों से प्राप्त लगातार शिकायतों के बाद कृषि विभाग ने दीनदयाल चौक स्थित मेसर्स चौधरी फर्टिलाइजर्स का उर्वरक विक्रय लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। किसानों ने आरोप लगाया था कि ई-टोकन से बुक की गई खाद के स्थान पर उन्हें दूसरी खाद और अन्य सामग्री खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि शिकायतों में सामने आया कि यदि किसान अतिरिक्त या दूसरी खाद लेने से इंकार करते थे, तो प्रतिष्ठान द्वारा पीओएस मशीन खराब होने का बहाना बनाकर खाद देने से मना कर दिया जाता था।

जांच में हुआ खुलासा

जांच के दौरान यह भी पाया गया कि संबंधित प्रतिष्ठान से आईएफएमएस पोर्टल के माध्यम से लगातार उर्वरक का विक्रय किया जा रहा था, जो नियमों का उल्लंघन है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वाले खाद विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। किसानों से अपील की गई है कि ऐसी किसी भी अनियमितता की तत्काल शिकायत करें।

आंगनवाडी केन्द्र, शाला, दुकान में चोरों का धावा

जबलपुर। बरगी में चोरों ने एक साथ आंगनवाडी केन्द्र, प्राथमिक शाला व किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक श्रीमति सीता रजक 43 वर्ष निवासी पहरहा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह आंगनवाडी कार्यकर्ता है। आंगनवाड़ी के सामने प्राथमिक शाला पडरहा व स्कूल के आगे शेख चांद की चाय व किराने की दुकान है। अज्ञात चोर आंगनवडी का ताला तोड़कर स्टील की 30 थाली, एक बडी स्टील टंकी, दस स्टील गिलास, बीपी समेत अन्य मशीनें, दस्तावेज, कुर्सियां, चुराकर ले गए। इसी प्रकार प्राथमिक शाला पडरहा के तीन कमरों के ताले तोड़कर चोर घुसे और गोदरेज व पेटियों के ताले तोड़कर मध्यान भोजन बनाने के बर्तन एवं बच्चों को खाना वितरित करने के बर्तन, बच्चो की खेल सामाग्री चुराकर ले गए। किराना दुकान संचालक शेख चांद ने बताया कि उ सकी दुकान का ताला टूटा मिला। चोर गैस सिलेण्डर, गल्ले में रखे नगद 400 चुराकर ले गए है ।

आसनसोल की डीआरएम को पमरे मुख्यालय भेजा

जबलपुर, नवभारत। रेलवे मंत्रालय ने कुछ दिनों पूर्व देश के दो अलग-अलग हिस्सों में हुए रेल हादसों के बाद सख्त कदम उठाते हुए आसनसोल और मुरादाबाद मंडलों के प्रमुख अधिकारियों का तबादला किया है। आसनसोल की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव को पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर स्थानांतरित किया गया है यह निर्णय बिहार में मालगाड़ी के पटरी से उतरने और उत्तर प्रदेश में ट्रेन टक्कर टलने की घटनाओं को गंभीर मानते हुए जवाबदेही तय की गई। रेल मंत्रालय ने मालगाड़ी के पटरी से उतरने और यात्री व मालगाड़ी की टक्कर टलने की घटनाओं को गंभीर मानते हुए संबंधित मंडलों के शीर्ष अधिकारियों का तबादला कर दिया है। 27 दिसंबर को बिहार के जमुई जिले में एक मालगाड़ी के आठ वैगन पटरी से उतर गए थे। यह इलाका ईस्टर्न रेलवे के आसनसोल मंडल के अंतर्गत आता है।

डीआरएम का तबादला

रेलवे बोर्ड के आदेश के मुताबिक, आसनसोल मंडल की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव का तबादला कर उन्हें पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर में भेजा गया है। सुश्री विनीता भारतीय रेलवे यांत्रिकी सेवा की वरिष्ठ अधिकारी हैं उनकी जगह फिलहाल सुधीर कुमार शर्मा को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है, जब तक नियमित नियुक्ति नहीं हो जाती। रेलवे का मानना है कि इस तरह के प्रशासनिक फैसले से निगरानी मजबूत होगी और संचालन में सुधार आएगा।

स्कार्पियों से डॉक्टर को बाहर निकालकर चाकू से हत्या

भेड़ाघाट शहजपुर में आधा दर्जन हमलावरों ने की दिनदहाड़े सनसनीखेज वारदात

नवभारत, जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सहजपुर ओवर ब्रिज के नीचे शनिवार को दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने डॉक्टर को स्कार्पियों से बाहर निकाल सरेराह घेर लिया और चाकुओं से ताबड़तोड़ एक दर्जन वार कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौका-ए-वारदात पर पहुंची और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

हत्या किसने और किन कारणों से की है समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच जारी है। टीआई कमलेश चौरिया के मुताबिक डॉक्टर अभिषेक उर्फ महेंद्र साहू 27 वर्षीय निवासी पाटन भुवारा गांव का

शुक्रवार शाम करीब पांच बजे घर से उज्जैन जाने के लिए स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 04 टीबी 0382 लेकर निकला था। रास्ते में उसकी स्कार्पियों बंद हो गई। शनिवार को वे शहजपुर फ्लाईओवर के पास वाहन को सुधरवाने के लिए उसने मिस्त्री को बुलाया था। मैकेनिक पार्ट्स लेने के लिए बाजार तरफ गया था तभी दोपहर 12 से 1 बजे के बीच दो बाइकों से पांच से छह नकाबपोश पहुंचे। अभिषेक को जबरन स्कार्पियों से बाहर निकाल वे कुछ समझ पाता इसके पहले ही उस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में उसके गले, पीठ, कान समेत शरीर के आधा दर्जन हिस्सों में घाव देते हुए उसकी हत्या कर दी।

पहले से घात लगाए थे हमलावर

सूचना मिलते ही सुश्री अंजना तिवारी,सीएसपी अंजुल अयक मिश्रा, टीआई कमलेश चौरिया पुलिस बल के साथ पहुंचे। एफएसएल टीम भी पहुंची। इसके बाद जांच पड़ताल शुरू हुई।

मौका-ए-वारदात से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि हमलावरों ने रैकी के बाद वारदात को अंजाम दिया है वे पहले से घात लगाए हुए थे।

सीसीटीव्ही में कैद आरोपी पहचान में जुटी पुलिस

आरोपित सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गए है वे दो बाइकों से पहुंचे थे। आरोपियों ने पहले महेन्द्र को स्कार्पियों से जबरन बाहर निकाल और फिर चाकुओं से गोद दिया था। इसके बाद फरार हो गए। आरोपियों का भागते हुए सीसीटीवी भी सामने आया है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है।

सुबह पिता से हुई बात, दिन में हत्या

मृतक के पिता महेश प्रसाद साहू ने बताया कि बेटा उज्जैन जाने निकला था। सुबह दस बजे फोन पर बात हुई तो उसने बताया था कि रास्ते में गाड़ी बिगड़ गई है। दोपहर में परिजनों के पास पुलिस का फोन पहुंचा तो उन्होंने हत्या का पता चला जिसे सुनकर उनके पैरे तले जमीन खिसक गई। परिवार में मातम पसर गया।

कोल्ड डे : शीतलहर की चपेट में शहर, छूटी कंपकंपी

नवभारत, जबलपुर। शनिवार को कोल्ड डे रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री कम रहा। शहर शीतलहर की चपेट में आ गया है। आसमान पर बादलों का डेरा रहा। सुबह घने कोहरे के साथ हुई। दिन चढ़ गया है लेकिन सूर्यदेव नहीं निकले। ठंडी हवाएं चली जिससे कंपकंपी छूटी। सुबह से लोग गर्म कपड़े लादे नजर आए। ठंड से बचने दिनदहाड़े अलाव जल उठे थे। मौसम विभाग की माने तो उत्तर भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी घंटे की ऊँचाई पर लगभग 278 किमी प्रति घंटा गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही है।दो दिन बाद मौसम साफ होगा तो तापमान में गिरावट आएगी।

कोहरे ने रफ्तार की धीमी जलाने पड़ गई वाहनों की लाइटें

शनिवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई थी। कोहरा इतना था कि सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई थी। कोहरे के चलते वाहन रेंग रहे थे। कई जगहों पर लोगों को वाहनों की लाइट जलानी पड़ गई थी। कोहरे के चलते राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

ऐसा रहा पारा

शनिवार को अधिकतम तापमान 17 .2 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 6 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 12 .5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 90 और शाम को 83 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पश्चिम हवाएं 3 से 4 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली।

युवती को नाबालिग बताकर आरोपी को दी गई उम्रकैद की सजा खारिज

- **हाईकोर्ट ने महिला जज व सरकारी वकील को नोटिस जारी कर मांगा जवाब**

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में बालिग युवती को नाबालिग बताकर आरोपी को दी गई उम्रकैद की सजा को गंभीर भूल बताकर खारिज कर दिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस रामकुमार चौबे की युगलपीठ ने आरोपी को दोषमुक्त करते हुए कहा कि लडक़ी बालिग थी और एक्स-रे रिपोर्ट में भी उसकी उम्र 18 साल से ज्यादा बताई गई। इसके बावजूद भी आरोपी को तीन साल तक जेल में रखकर उसके साथ अन्याय किया गया। न्यायालय ने मामले में महिला जज व सरकारी वकील को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण चेम्बर में पेश करने के निर्देश दिये है, ताकि उस पर आगे की कार्रवाई के निर्देश दिये जा सकें।

दरअसल यह मामला पनागर थानांतर्गत ग्राम तिलगवां में रहने वाले रवि कोल की अपील से संबंधित है। एक नाबालिग के दुष्कर्म करने के आरोप में आरोपी को जबलपुर की विशेष न्यायाधीश बरखा दिनकर की अदालत ने 30 नवम्बर 2023 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। रवि कोल पर आरोप था कि शादी का लालच देकर उसने एक नाबालिग लडक़ी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां की शिकायत पर 31 जनवरी 2022 को माढ़ोताल थाने में प्रकरण दर्ज हुआ था। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने पाया कि पीड़िता बालिग थी, लेकिन नाबालिग मानकर आरोपी को उक्त सजा दी गई, जबकि मामला आपसी सहमति से बने संबंधों का है, जहां आरोपी को सजा नहीं होनी थी।

बिहार के राज्यपाल का हुआ स्वागत

नवभारत,जबलपुर। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का शनिवार की शाम नई दिल्ली से निजी एयरलाइंस कम्पनी की नियमित विमान सेवा द्वारा जबलपुर आगमन हुआ। जबलपुर आगमन पर सर्किट हाउस में सांसद आशीष दुबे, पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष विनोद गोटिया ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करने के बाद आज सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक मानस भवन में आयोजित वर्ल्ड रामायण कांफ्रेंस में शामिल होंगे।

कचरे के ढेर की आग ने ट्रक को आगोश में लिया

नवभारत,जबलपुर। खजरी खिरिया बायपास चौराहे में खड़े ट्रक में आग भड़क उठी जिससे उसमें रखीं कुछ आटे की बोरियां , पीछे तरफ के पूरे टायर जलकर खाक हो गए। ट्रक में आग भड़कते देख स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी जिसके बाद मौके पर पहुंचकर फायर अमले ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि अगर समय पर फायर अमले ने आग पर काबू नहीं पाया होता तो कुछ ही देर में पूरा की पूरा ट्रक जलकर खाक हो जाता क्योंकि हादसे में आग ट्रक के केबिन तक जा पहुंची थी। घटना

शनिवार सुबह 9 बजकर 50 मिनिट की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने नवभारत को बताया कि खजरी खिरिया बायपास चौराहे के पास कचरे के ढेर में किसी अज्ञात ने आग लगा दी थी और यही आग चौराहे के पास खड़े ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 3908 तक जा पहुंची जिस वजह से हादसा घटित हो गया। इस संबंध में ट्रक मालिक मो. यूनूस ने बताया कि ट्रक में आटे की करीब 800 बोरियां लोड थीं और चालक खजरी खिरिया चौराहे में किनारे तरफ वाहन खड़ा करके घर गया था कि तभी अग्नि हादसा घटित हो गया।

कोतवाली बवाल : तीन गिरफ्तार, लाठीचार्ज से जैन समाज में आक्रोश

लाठियां भांजने वालों पर हो कार्रवाई नहीं तो न्यायालय की शरण में जाएंगे

नवभारत, जबलपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत कमानिया गेट में देर रात्रि मचे बवाल के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है साथ ही दुकान मैनेजर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आपत्तिजनक टिप्पणी और पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज को लेकर जैन समाज में आक्रोश है। शनिवार को जैन नवयुवक सभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने लाठीचार्ज करने वाले पुलिस अधिकारी, कर्मियों पर पर कार्रवाई की मांग की है साथ ही

चेतावनी दी है कि अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे सबूत के साथ न्यायालय की शरण में जाएंगे।

क्या है मामला

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात्रि 9:45 बजे कमनिया गेट के समीप बड़कुल होटल में राजकुमार जैन पहुंच थे जहां समीप ही किराना दुकान संचालन करने वाले राजकुमार जैन गए थे जहां उन्होंने भजिए खाए थे जो गरम नहीं थी। इसके बाद भजिए और पैसे के लेनदेन को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद विवाद बढ़ गया। जिसके बाद होटल मैनेजर ने साथियों के साथ मिलकर मारपीट, तोड़फोड़ की। राजकुमार जैन का आरोप रहा कि मैनेजर ने समाज विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। जिसके बाद आक्रोश भड़क गया था। बड़ी संख्या में आक्रोशित जन पहुंच गए थे।

दोषी अधिकारी, पुलिस कर्मियों पर हो कार्रवाई

जैन नवयुवक सभा अध्यक्ष नितिन जैन बेटिया ने बताया कि आरोपियों द्वारा जैन समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई। जैन पंचायत सभा एवं जैन नवयुवक सभा के पदाधिकारी एवं जैन समाज के वरिष्ठ नागरिक, युवा, बुर्जुग एवं बच्चे शांतिपूर्वक तरीके से कार्रवाई की मांग कर रहे थे लेकिन पुलिस अधिकारियों ने लाठीचार्ज किया। जिसमें जैन समाज के कई लोग घायल हुए लाठीचार्ज करने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपी गई है। अगर कार्रवाई नहीं होते है तो साक्ष्यों के साथ रिट याचिका दायर कर न्यायालयीन कार्यवाही की जायेगी।

चार थानों का फोर्स रहा तैनात तीन पुलिस कर्मी भी घायल

सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ गोहलपुर, अधारताल, कोतवाली, हनुमानताल थानों का बल पहुंचा था। पुलिस ने पहले आक्रोशितजनों को समझाइश दी लेकिन वे नहीं माने जिसके चलते आक्रोशित भीड़ को तितर-बितर करने लाठी चार्ज करना पड़ा था। इस दौरान तीन पुलिसकर्मी को भी चोटें आई है।

ये बने है आरोपी

पुलिस ने राजकुमार जैन की रिपोर्ट पर मैनेजर अतुल पटेल समेत उसके साथी रोहित राजपूत, सचिन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। साथ ही तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें शनिवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57